# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2018 – 2019)

**Class: VI** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3 Hrs.**

Name: ____________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क' , 'ख', 'ग' और 'घ' ।
(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।
(3) प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
(4) उत्तर–पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न–पत्र में दी गई है।
(5) निर्धारित समय–सीमा 3.00 +15 घंटे हैं।

### (खण्ड–क)

**प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (1+1+2+2+2)**

मास्को में बहुत कुछ देखने लायक है; जैसे– अनेक संग्रहालय, आर्ट गैलरी, लेनिन पुस्तकालय, बड़े क्षेत्रों में फैली प्रदर्शनी और वहाँ के स्मारक। किंतु बोरोदिना पैरोनमा देखकर आँखों पर विश्वास नहीं होता। सन् 1812 ई0 में जब नेपोलियन जीतता चला आ रहा था, तो उसने मास्को पर भी अधिकार कर लिया था, लेकिन रुसी फ़ौजों ने बड़ी वीरता का परिचय दिया। नेपोलियन को मुँह की खानी पड़ी। उसी की याद में पैनोरमा भवन बनाया गया था। काँच और एल्युमीनियम से बेलन के आकार में बने पैनोरमा भवन में खड़े होकर ऐसा लगता है, जैसे हम लड़ाई के मैदान में खड़े हैं। जहाँ तक निगाह जाती है– चारों ओर लड़ाई का दृश्य नज़र आता है। उसे शब्दों में नहीं बाँध सकते।

**क)** यह गद्यांश किस शहर से संबंधित है ?
**ख)** उस शहर में क्या–क्या देखने लायक है ?
**ग)** बोरोदिना पैरोनमा के निर्माण विषय में क्या बताया गया है ?
**घ)** बोरोदिना पैरोनमा किससे बना है और उसका आकार कैसा है ?
**ङ)** बोरोदिना पैरोनमा के भवन में खड़े होकर कैसा महसूस होता है ?

**प्र0 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (1+1+1+2+2)**

कल–कारखाने, मिल, उद्योग फैला रहे प्रदूषण–रोग
इनका धुआँ और तेज़ शोर, दूषित करें वायु हर ओर
दूषित हवा पेड़ ले लेते, प्राणवायु बदले में देते,
पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, वायु प्रदूषण–रोग मिटाओ
शहरों का गंदा पानी, करे प्रदूषित जल मनमानी,
करके हर संभव उपचार, रक्षा करो जीव संसार,
सोचो, समझो, करो विचार, कैसे बने स्वस्थ संसार ?
रोग–प्रदूषण यदि मिट जाए, यह संसार स्वर्ग बन जाए।

क) कल–कारखाने और उद्योग क्या फैला रहे हैं ?

ख) गंदी हवा लेकर पेड़ हमें क्या देते हैं ?

ग) वायु प्रदूषण कैसे दूर किया जा सकता है ?

घ) जल–प्रदूषण कैसे फैलता है ?

ङ) प्रदूषण से बचने के लिए क्या–क्या उपाय करना होगा ?

**(खण्ड–ख)**

**प्र0 3 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) भारत की राजभाषा कौन–सी है ?

ख) 'आर्शीवाद' का शुद्ध रूप लिखिए।

ग) 'सूर्योदय' का संधि–विच्छेद कीजिए।

घ) 'राष्ट्रपति' रचना या बनावट के आधार पर किस प्रकार का शब्द है ?

**प्र0 4 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) 'कमल' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

ख) 'यश' का विलोम शब्द लिखिए।

ग) 'अनिल' और 'अनल' श्रुतिसमभिन्नार्थक के अर्थ लिखिए।

घ) 'इक' प्रत्यय का प्रयोग कर दो शब्द बनाइए।

**प्र0 5 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) 'अष्टाध्यायी' किस समास का उदाहरण है ?

ख) 'लालकिला' किस संज्ञा का उदाहरण है ?

ग) 'बुद्धिमान' शब्द का स्त्रीलिंग रूप लिखिए।

घ) 'मज़दूर' शब्द का बहुवचन रूप लिखिए।

**प्र0 6 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) अनेक शब्द या वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए– 'जो कम बोलता हो।'

ख) '<u>छत पर</u> कपड़े सूख रहे हैं' रेखांकित पद में कौन–सा कारक है ?

ग) दीर्घ संधि का एक उदाहरण लिखिए।

घ) 'लंबोदर' का समास विग्रह कीजिए।

**(खण्ड–ग)**

**प्र0 7 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+2+2)**

पिछली शताब्दी में तेज़ रफ़्तार वाली गाड़ी वहीं थी। कभी–कभी हवाई जहाज़ भी देखने को मिलते। दिल्ली में जब भी उनकी आवाज़ आती, बच्चे उन्हें देखने बाहर दौड़ते। दिखता एक भारी–भरकम पक्षी उड़ा जा रहा है, पंख फैलाकर। यह देखो और वह गायब। उसकी स्पीड ही इतनी तेज़ लगती। हाँ, गाड़ी के मॉडल वाली दुकान के साथ एक और ऐसी दुकान थी जो मुझे कभी नहीं भूलती। वह यह दुकान थी जहाँ मेरा पहला चश्मा बना था। वहाँ आँखों के डॉक्टर अंग्रेज़ थे।

क) इस गद्यांश के रचयिता का नाम लिखिए।

ख) लेखिका किस दुकान को कभी नहीं भूलती ?

ग) पिछली सदी की कौन–सी चीज़ खास थी ?

प्र0 8 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2X5=10)

क) केशव को किस बात का अफसोस था ?

ख) आज हम अक्षरों का प्रयोग कहाँ–कहाँ करते हैं ?

ग) छोटू और उसका परिवार कहाँ रहता था ?

घ) वैद्य जी ने मोहन की बीमारी का क्या उपाय बताया ?

ङ) श्यामा ने क्या सोचकर माँ से केशव की शिकायत की ?

प्र0 9 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (1+2+2)

एक से एक मिले तो कतरा बन जाता है दरिया,
एक से एक मिले तो ज़र्रा बन जाता है सेहरा।
एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत,
एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत।।

क) कवि और कविता का नाम लिखिए।

ख) रेत का एक–एक कण मिलकर क्या बनाता है ?

ग) अगर इंसान आपस में मिल जाएँ तो क्या कर सकते हैं ?

प्र0 10 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2X5=10)

क) चिड़िया के जीवन से आपको क्या सीख मिलती है ?

ख) 'कंठ' और 'विजन' शब्दों के अर्थ लिखिए।

ग) चाँद ने अपनी पोशाक को कैसे पहन रखा है ?

घ) लड़की चाँद के घटने–बढ़ने का क्या कारण सोचती है ?

ङ) चाँद बढ़ता है तो कब तक बढ़ता जाता है ?

प्र0 11 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2X2=4)

क) राम के चरित्र से हमें क्या सीख मिलती है ?

ख) विश्वामित्र कौन थे, वे राजा दशरथ के पास क्यों गए थे ?

**(खण्ड–घ)**

प्र0 12 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए– 5

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई–पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने छोटे भाई को समय के सदुपयोग का महत्त्व बताते हुए पत्र लिखिए।

प्र0 13 किसी विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर सारगर्भित निबंध लिखिए– 10

क) **मेरा प्रिय लेखक**

**संकेत बिंदु** जन्म, पारिवारिक परिस्थितियाँ आदि, लेखनारंभ, साहित्य में योगदान, महत्त्वपूर्ण रचनाएँ

ख) **भारत का राष्ट्रीय खेल : हॉकी**

**संकेत बिंदु** भूमिका, हॉकी का प्रारंभ, विकास, खेल संबंधी जानकारी, खेल के नियम, भारत में शुरुआत एवं सफलता।

ग) **पहला सुख निरोगी काया**

**संकेत बिंदु** स्वास्थ्य संबंध विचार, स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक भोजन, स्वस्थ रहने के लिए नियमित दिनचर्या, व्यायाम का महत्त्व, स्वस्थ शरीर के लाभ।

––––00––––